## नियमों को ताक में रखकर शहर भर में हो रही प्लाटिंग, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# जांच परख कर ही खरीदें प्लाट, जगह जगह भूमाफिया कर रहे अवैध प्लाटिंग

शहर भर में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का खेल खुलेआम खेला जा रहा है, भूमाफियाओं द्वारा लोगों को बड़े बड़े लुभावने सपने दिखाकर अवैध प्लाटिंग कर मोटी कमाई की जा रही है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करा पाते हैं, ऐसे में लोग खुद को ठगा सा महसूस करते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से शहर में कई अवैध कालोनियों का निर्माण हो चुका है, दर्जनों स्थानों पर प्लाटिंग की जा रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में एक बार फिर अवैध प्लाटिंग करने वालों का गिरोह सक्रिय हो चुका है। जहां खुलेआम अवैध प्लाटिंग कर लोगों के भरोसे के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, यहां न तो सड़क नाली का निर्माण कराया जा रहा है और न ही टाउन ऑफ कन्ट्री के नियमों का पालन किया जा रहा है।

प्रशासन द्वारा अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ समय समय पर कार्रवाई तो की जाती है, लेकिन चंद दिनों ही दोबारा उसी स्थान पर अवैध प्लाटिंग का खुला खेल फिर शुरू हो जाता है। ऐसे में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को कोई खास असर नहीं दिखाई दे रहा है। भू माफिया प्रशासन के साथ आंख मिचौली का खेल करते हुए दिन दूना रात चौगुना कमा रहे हैं, खरीददारों को झूठे प्रलोभन व बड़े बड़े सपने दिखाकर अपना कारोबार में दिनों दिन बढ़ाते जा रहे हैं।



शहर के अनेक स्थानों पर भू-माफियाओं द्वारा कृषि योग्य भूमि को भी नहीं छोड़ा जा रहा है, तमाम नियमों की अनेदखी कर अवैध प्लाटिंग का खेल खुलेआम किया जा रहा है। नियमानुसार, कृषि भूमि को सीधे प्लाटिंग कर नहीं बेचा जा सकता है, बावजूद इसके शहर के तमाम स्थानों पर सभी नियमों को दरकिनार कर प्लाटिंग की जा रही है। संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस अवैध गतिविधि पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

अवैध प्लाटिंग के इस गोरखधंधे से जहां शासन प्रशासन को करोड़ों के राजस्व की क्षति हो रही है वहीं खरीदादारों को भी मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### ई-केवायसी नहीं होने पर खाद्यान्न वितरण में आ सकती है परेशानी

**कटनी।** जिले के सभी पात्र राशन कार्डधारकों से खाद्य विभाग ने आग्रह किया है कि परिवार के 5 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी बच्चों की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराई जाए। शासन के निर्देशानुसार अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी आर के ठाकुर ने बताया कि जिन बच्चों अथवा सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उनका नाम उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन में प्रदर्शित नहीं होगा, जिससे उन्हें निर्धारित राशन प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए सभी हितग्राही समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी से पहले 5 वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चों का आधार बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) अपडेट होना अनिवार्य है। बायोमेट्रिक अपडेट होने के बाद नजदीकी उचित मूल्य (राशन) दुकान पर उपलब्ध पीओएस मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी आसानी से कराई जा सकती है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने सभी राशन कार्डधारकों से आग्रह किया है कि अंतिम समय का इंतजार न करें और जल्द से जल्द ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हितग्राही अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान अथवा खाद्य विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

### वृद्ध को दी गई धमकी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना के ग्राम कल्हैयाकला निवासी 62 वर्षीय राजकुमार सेन जब अपने खेत पर थे, तब पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रमेश सेन, मुकेश सेन और योगेश सेन वहां पहुंच गए। तीनों ने बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

### राशि ने अखिल भारतीय बार परीक्षा में मारी बाजी

**स्लीमनाबाद।** ग्राम पंचायत बाकल सरपंच व सरपंच फोरम संघ ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल की पुत्री राशि पटेल ने अखिल भारतीय बार परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बार परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं एवं नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनो ने राशि मनोज पटेल को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राशि भविष्य वे नई ऊँचाइयाँ हासिल कर समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। क्षेत्रीय जनों ने राशि की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।



# जिले में औद्योगिक विकास ने पकड़ी रफ्तार, 41 करोड़ का होगा निवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में निवेश, उद्योग और रोजगार को नई गति देने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक में मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के तहत 19 औद्योगिक प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से जिले में 41.52 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा और 150 स्थानीय युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

बैठक में कलेक्टरने कहा कि औद्योगिक विकास ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत इकाइयों की स्थापना से संबंधित सभी विभागीय प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराई जाएं, ताकि निवेश शीघ्र धरातल पर उतर सके और रोजगार के अवसर जल्द सृजित हों।

समिति ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 18 औद्योगिक प्रकरणों को उद्योग विकास अनुदान तथा एक प्रकरण को अधोसंरचना विकास अनुदान की स्वीकृति प्रदान की। स्वीकृत इकाइयों में राइस मिल, दाल मिल, वॉल पुट्टी प्लांट, पेपर थाली-दोना निर्माण, आइसक्रीम, कार्बन ब्लॉक, फ्यूल ऑयल एवं वायर निर्माण जैसे विविध उद्योग शामिल हैं, जो जिले के औद्योगिक परिदृश्य को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य केवल निवेश स्वीकृत करना नहीं, बल्कि उद्योगों की स्थापना के लिए सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों से निवेशकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए उद्योगों को शीघ्र उत्पादन प्रारंभ कराने की दिशा में समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। मंगलवार को हुई इस बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती ज्योति सिंह चौहान, भारतीय स्टेट बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मेझरस किण्डो सहित जिला स्तरीय सहायता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# दो अवैध कॉलोनियों में चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में अवैध कॉलोनी विकसित कर शासन के नियमों को ताक पर रखने वालों के खिलाफ निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग एवं अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए मंगलवार को नगर के दो स्थलों बिरसा मुंण्डा वार्ड स्थित कुठला एव रफी अहमद किदवई वार्ड में निगम के संयुक्त अमले ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मौके पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी की रोड़ बाउन्ड्रीवाल आदि संरचनाओं को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करनें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, जे.पी.सिंह बघेल अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित अतिक्रमण अमले एवं अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



### ध्वस्त की गई संरचना

कालोनी सेल प्रभारी एवं कार्यपालन यंत्री श्री अंशुमान सिंह ने बताया कि नगर के कुठला स्थित बिरसा मुंण्डा वार्ड के खसरा क्रमांक 295/1 पर श्री प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा 1 हेक्टेयर भूमि पर तथा रफी अहमद किदवई वार्ड के खसरा क्रमांक 557/3 पर श्री शुभम माली द्वारा 0.786 हेक्टेयर भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति एवं निगम की स्वीकृति के कॉलोनी विकसित करने के उद्देश्य से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों को निर्माण कार्य न करने संबंधी नोटिस जारी किया गया था। चेतावनी की अवहेलना कर कार्य जारी रखने पर मंगलवार को पहुंचे निगम अमले ने मौके पर निर्मित हो रहीं सभी अवैध संरचनाओं को जेसीबी के माध्यम से हटाकर भूमि को यथास्थिति में लाने की कार्रवाई की गई।

### निगम प्रशासन ने कहा जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर में अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी इसी सख्ती से जारी रहेगी। नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने अवैध कालोनाइजरों को चेतावनी दी है कि शासकीय भूमि एवं बिना अनुमति वाली निजी भूमि पर प्लाटिंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## महापौर ने सुनी समस्याएं, निराकरण के दिये निर्देश



नगर पालिक निगम में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, राजस्व, अतिक्रमण सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर सुनवाई की गई। महापौर श्रीमती सूरी ने प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई नागरिकों कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर आवेदकों को समय पर राहत प्रदान की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे, जिससे नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। कई प्रकरणों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर कार्रवाई प्रारंभ कराई गई, जबकि गंभीर मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देश दिए गए।

# अग्रहरि समाज की दशा व दिशा बदलने पर बैठक की हुआ आयोजन, दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जब तक समाज की दशा दिशा और सोच नहीं बदलेगी तब तक समाज का उत्तरोत्तर विकास होना असंभव है। आज जरूरत इस बात की है कि समाज के उत्थान और विकास हेतु हम कृत संकल्पित हो समाज के विकास के लिए हम सब मिलकर आगे आए उक्त उदगार राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने प्रयागराज में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के तृतीय अधिवेशन में व्यक्त किया इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री कुल भास्कर अग्रहरि के द्वारा पांच वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और सामाजिक कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की इसमें उन्होंने कटनी में आयोजित परिचय सम्मेलन की मुक्त कंठ से सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रसाद ने मप्र के कार्यों का उल्लेख किया। पूर्व ननि अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि ने भी परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम में मप्र, उप्र, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, सहित विभिन्न प्रदेशों के केंद्रीय पदाधिकारी ने भाग लिया। समाज के प्रमुख संरक्षक बाबू राधेश्याम अग्रहरि, सोमचंद अग्रहरी, श्याम प्रकाश अग्रहरि, एसपी अग्रहरी, अनिल शिव अग्रहरि, सुजीत अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि, संतोष जी, विकास गुप्ता, शारदा गुप्ता, लवकुश अग्रहरि, श्रवण अग्रहरि, विजय अग्रहरी, शैलेंद्र अग्रहरी, मनीष गुप्ता, अरुण अग्रहरी,विवेक अग्रहरी, सुप्रीत अग्रहरि,अशोक अग्रहरि, एनपी अग्रहरि, अरविंद अग्रहरि आदि मौजूद रहे।



# 33.71 लाख के विकास कार्यों से महाराणा प्रताप एवं इंदिरा गांधी वार्ड की बदलेगी तस्वीर

*सड़क निर्माण से आवागमन एवं जल निकासी की सुविधा से दूर होंगी परेशानियां*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के महाराणा प्रताप वार्ड एवं इंदिरा गांधी वार्ड में लगभग 33.71 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य तुलसा गुलाब बेन, ओमप्रकाश बल्ली सोनी सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठों के करकमलों से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप वार्ड के अमकुही क्षेत्र में लगभग 6.22 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के बालाजी नगर में लगभग 27.49 लाख रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में बेहतर आवागमन, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था तथा नागरिकों को आधारभूत सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि विकास कार्यों का लाभ तभी सार्थक होगा, जब प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि नगर निगम इसी सोच और प्रतिबद्धता के साथ शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है, ताकि किसी भी क्षेत्र को विकास से वंचित न रहना पड़े। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा तथा शहर के समग्र एवं संतुलित विकास को नई गति प्राप्त होगी।

क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती तुलसा गुलाब बेन तथा क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। सड़क एवं नाली निर्माण जैसे कार्यों से नागरिकों को बेहतर आवागमन, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। उन्होंने महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## व्यवसायिक शिक्षा के तहत आत्मनिर्भर बनाने दिया गया प्रशिक्षण

# विद्यार्थियों को जैविक खेती और मिट्टी परीक्षण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को प्राचार्य आलोक पाठक के मार्गदर्शन में जैविक खेती, पोषक तत्वों एवं मिट्टी परीक्षण विषय पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को जैविक खेती की आवश्यकता, महत्व तथा रासायनिक खेती से भूमि, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कम लागत वाली तकनीकों, जीरो बजट फार्मिंग और प्राकृतिक खेती को अपनाने के लाभ बताते हुए किसानों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

विशेषज्ञ ने बताया कि गोबर, कचरा, फसल अवशेष, खरपतवार, गोमूत्र तथा विभिन्न प्रकार की पत्तियों का उपयोग कर जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशक तैयार किए जा सकते हैं। इससे खेती की लागत कम होती है, बाजार पर निर्भरता घटती है और खेती अधिक लाभकारी बनती है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों में सामान्यतः दो या तीन पोषक तत्व ही उपलब्ध होते हैं, जबकि जैविक खादों में फसलों के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। फसलों की बेहतर वृद्धि के लिए आवश्यक 17 पोषक तत्वों के महत्व की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### मिट्टी परीक्षण की वैज्ञानिक विधि से कराया अवगत

विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया समझाते हुए बताया गया कि गेहूं की कटाई के बाद प्रति हेक्टेयर खेत के 10 से 15 स्थानों से मिट्टी का नमूना लेकर लगभग 500 ग्राम मिट्टी प्रयोगशाला भेजनी चाहिए। परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही खेत में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करना चाहिए। इससे मिट्टी का पीएच मान, जैविक कार्बन, विद्युत चालकता, अम्लीयता, क्षारीयता तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की उपलब्धता का सही आकलन किया जा सकता है।

### आधुनिक एवं लाभकारी कृषि अपनाने किया प्रेरित

कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी मानसिंह बरकड़े एवं व्यावसायिक शिक्षक महेंद्र दोहरे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने जैविक खेती और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जुड़ी अनेक जानकारियां प्राप्त कीं, जो भविष्य में उन्हें आधुनिक एवं लाभकारी कृषि अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

# छात्रावासों और आश्रमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अब 'परख' ऐप से होगी हर व्यवस्था की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के जनजातीय एवं अनुसूचित जाति वर्ग के शासकीय छात्रावासों, आश्रमों एवं आवासीय शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि छात्रावासों एवं आश्रमों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अव्यवस्था स्वीकार नहीं की जाएगी। व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के लिए जिले की 58 संस्थाओं को 'परख' मोबाइल ऐप से जोड़ते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के 23 जनजातीय छात्रावास, 9 आश्रम, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 26 छात्रावासों का प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से डिजिटल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के लिए एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एवं अन्य प्रथम श्रेणी अधिकारियों को संस्थावार दायित्व सौंपे गए हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, विद्यार्थियों की उपस्थिति, छात्रावास संचालन, भवनों के रख-रखाव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। प्रत्येक निरीक्षण की रिपोर्ट 'परख' ऐप पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण में पाई जाने वाली कमियों पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। सभी निरीक्षण अधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वहन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही प्रत्येक सुविधा विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्वक पहुंचे। जिला प्रशासन का उद्देश्य डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से आवासीय संस्थाओं में जवाबदेही, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

## खबर संक्षेप

### कीचड़ एवं गंदगी से बढ़ी परेशानी, सौंपा ज्ञापन

**बड़वारा।** बारिश शुरू होते ही ग्राम पंचायत पथवारी की गलियों और मोहल्लों में गंदगी और कीचड़ की समस्या विकराल हो गई है। नालियों की महीनों से सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे मच्छर और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी गणेशपुरी गोस्वामी ने इस समस्या को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा एवं ग्राम पंचायत पथवारी को लिखित आवेदन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि ग्राम की सभी गलियों, मुख्य मार्गों एवं नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए और भविष्य में नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 15वें वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई के लिए फंड दिया जाता है, बावजूद इसके सफाईकर्मी द्वारा काम नहीं किया जा रहा। अगर जल्द सफाई नहीं हुई तो हम ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### वृद्ध के खाते से ठग ने 98 हजार रूपये किये पार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध के बैंक खाते से अज्ञात शातिर ठग ने 98,000 रूपये की रकम पार कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर निवासी 60 वर्षीय ओमप्रकाश बाधवानी 5 जून की शाम करीब 5 बजे सब्जी मंडी क्षेत्र के पास अज्ञात साइबर अपराधियों ने चालाकी से उनके बैंक खाता से 98,000 ट्रांसफर करा लिए या आहरित कर लिए। खाते से अचानक बड़ी रकम गायब होने का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### अलग अलग स्थानों में हुई मारपीट की घटनाएं

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठा मोहल्ला ग्राम बरजी निवासी 19 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा के साथ गांव के ही चिरू विश्वकर्मा और मुट्टू विश्वकर्मा ने उस पर लाठियों से हमला कर दिया। इस मारपीट में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह कुठला थाना के ग्राम बड़खेरा में पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया, जहाँ दो पक्षों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है। प्रथम पक्ष की ओर से विवेक पटेल 26 वर्ष की शिकायत पर राम सिंह ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। द्वितीय पक्ष की ओर से रामू सिंह ठाकुर की शिकायत पर दूसरे गुट के सुजान पटेल, नंदू पटेल, विपिन पटेल, विनीत पटेल और विवेक पटेल के खिलाफ बलवा और मारपीट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कल्हैयाकला निवासी 62 वर्षीय राजकुमार सेन जब अपने खेत पर थे, तब पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रमेश सेन, मुकेश सेन और योगेश सेन वहां पहुंच गए। तीनों ने बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है।

### दो युवकों सहित एक महिला से की गई मारपीट

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ (पहरूआ) निवासी 26 वर्षीय प्रताप भानू यादव के साथ पहरूआ शराब दुकान के पास सरलानगर निवासी समीम खान ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बरही थाना क्षेत्र के कुठिया महंगवा में अजय कुमार चौधरी (28) की दुकान के सामने गांव के ही लखन पाटकर ने विवाद खड़ा कर दिया। आरोपी ने अजय को गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। माधवनगर थाना अंतर्गत एडीएम लाइन क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली 35 वर्षीय पूजा राजपाल के साथ आरोपी राजू सेवानी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

---

कुठला थाना क्षेत्र में हुई वारदात के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

# चाकू की नोंक पर लूट करने वाले तीन नाबालिग गिरफ्तार, रकम की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन विधि उल्लंघनकारी बालकों को कुठला पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की रकम, घटना में प्रयुक्त दो चाकू तथा बिना नंबर की स्कूटी जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम सुडौरा थाना शाहनगर जिला पन्ना निवासी दुर्गेश चौधरी (20) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 जुलाई की रात करीब 8 बजे वह अपनी भाभी वर्षा चौधरी और छह माह की भतीजी को हैदराबाद जाने वाली बस में बैठाने के लिए ऑटो से शिवम ढाबा बायपास जा रहा था। चाका ब्रिज के आगे हाईवे पर बिना नंबर की काले रंग की बर्गमैन स्कूटी पर सवार तीन युवकों ने ऑटो रोक लिया। आरोपियों ने चाकू दिखाकर फरियादी, उसकी भाभी और ऑटो चालक को धमकाया तथा मारपीट कर फरियादी से 6 हजार रुपये और ऑटो चालक से 300 रुपये लूट लिए। घटना के दौरान फरियादी ने एक आरोपी के हाथ पर "मनु" तथा दूसरे के हाथ पर "ॐ" और "यादव जी" गुदा हुआ देखा था। इसी आधार पर पुलिस ने परंपरागत एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया।

### लूटी रकम बरामद, स्कूटी जब्त

पूछताछ में तीनों विधि उल्लंघनकारी बालकों ने वारदात करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई नकदी, दो चाकू तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त कर ली गई। पुलिस ने तीनों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें बाल संप्रेक्षण गृह, जबलपुर भेज दिया गया।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया, उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, रामेश्वर सिंह, अजीत मिश्रा, सुनील पाण्डेय, ताहिर खान, राहुल मिश्रा तथा आरक्षक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, हर्षुल मिश्रा, अभय यादव, करण सिंह, विजय प्रजापति, मनोज राजपूत सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तस्कर को किया गिरफ्तार, 20 हजार रूपये का गांजा बरामद



कुठला पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर 1 किलो 295 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। यह कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, 20 जुलाई की रात कस्बा क्षेत्र में गश्त के दौरान अमराडांड मोड़ स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास मंगतराम पटेल उर्फ गुलसन (34 वर्ष), निवासी हरदुआ, को 1 किलो 295 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपित के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

---



# महिलाओं से जमा कराएं पैसे देने की बारी आई तो हुये चंपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विलायत कलां गांव की दर्जनों महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। 'शक्ति महिला संघ बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित' नामक संस्था पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई समेत अपने पैसे वापस दिलाने की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि संस्था के संचालकों ने दैनिक जमा योजना का झांसा देकर सैकड़ों महिलाओं से पासबुक बनवाई थी। महिलाओं से प्रतिदिन 100 रूपये जमा कराए जाते थे। समय अवधि पूरी होने पर जब महिलाओं ने अपने जमा पैसे वापस मांगे तो संस्था के कर्मचारियों ने उन्हें चेक थमा दिए। महिलाओं का आरोप है कि जब उन्होंने दिए गए चेक बैंक में लगाए तो संस्था के खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण सभी चेक बाउंस हो गए। इसके बाद संस्था संचालक दफ्तर बंद कर फरार हो गए। महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में बाउंस हुए चेकों की प्रतियां भी साक्ष्य के तौर पर सौंपी हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। महिलाओं का कहना है कि 9 मार्च को बड़वारा थाना और 3 जुलाई को कटनी डीएसपी को लिखित शिकायत दी गई थी। इसके बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई FIR दर्ज नहीं की गई।

आरोप है कि संस्था के कर्मचारी संजय सिंह ने पैसे मांगने पर महिलाओं को धमकाया और कानूनी प्रक्रिया में अड़ंगा लगाने की बात कही। पुलिस से कोई मदद न मिलने के बाद महिलाओं को कलेक्ट्रेट का रुख करना पड़ा। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई किये जाने एवं उनके पैसे वापस दिलाने जाने की मांग की है।

---

*कलेक्टर ने शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश*

# जनसुनवाई में पहुंचे 226 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिला प्रशासन का संवेदनशील और जनहितैषी स्वरूप देखने को मिला। जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 226 आवेदकों ने अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर आशीष तिवारी के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात पूरी गंभीरता, धैर्य और संवेदनशीलता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई में राजस्व विभाग से भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटाने, नक्शा सुधार एवं अन्य प्रकरण प्रमुख रहे। वहीं विद्युत विभाग से बिजली बिलों में त्रुटि सुधार, ट्रांसफार्मर बदलने, बिजली के खम्बे लगाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इसी प्रकार शिक्षा विभाग में स्कूल द्वारा छात्र की टीसी न देने, खाद्य विभाग में राशन डीलर द्वारा कम अनाज देने संबंधित, महिला एवं बाल विकास विभाग में लाडली बहना योजना की राशि दिलाने व पीएम आवास योजना की नई सूची में नाम जुड़वाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक जनहित के मामलों पर भी आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग में लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत और न्याय मिले।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# नशा पूरे परिवार के लिए बन जाता है संकट, समाज को कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन में नशा मुक्त को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खेल समन्वयक चेतना झा ने विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉप को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए संकट बन जाता है। नशे के कारण गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, क्योंकि उनकी बातों को परिवार में गंभीरता से सुना और माना जाता है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि समाज में व्यवहार परिवर्तन लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान निरंतर संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर नशे के खिलाफ खड़ा होगा, तभी एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा। इस दौरान प्राचार्य गंगाराम राजपाल, नरेंद्र दुबे, अमित हल्दकर, अमृता दुबे ,मनोरमा, राजकमल गोटियां, प्रीति परस्ते, ज्योति दहिया, रत्नेश जैन, शैलेश कुमार दुबे, पूजा विश्वकर्मा, सरिता सिंह चौहान, प्रिया हल्दकर, काशी यादव, लक्ष्मी नामदेव की उपस्थिति रही!

---

# पटवारी संघ ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, मांगे जल्द पूरी करने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



प्रदेश के पटवारियों की 05 सूत्रीय मांगें वर्षों से लंबित हैं। 25/10/2025 को CM से भेंट में महाधिवेशन का आश्वासन मिला था पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण संघ आंदोलन को मजबूर है। पटवारी संघ की 5 सूत्रीय मांग निम्न है 1. कैडर रिव्यू + पदोन्नति + समयमान वेतनमान तुरंत लागू किया जाए2. नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा 2018 के बाद नहीं हुई, जल्द कराई जाए3. जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को भी शामिल किया जाए ताकि राजस्व प्रकरणों में सीधे FIR न हो4. बकाया मानदेय का भुगतान - स्वामित्व, संगणना, फार्मर आईडी आदि के रुके भुगतान तुरंत दिए जाएं5. स्थानांतरण नीति का पालन - संघ पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध ट्रांसफर निरस्त हों और नियमित बैठकें होंआंदोलन की रूपरेखापहले 15-17 जुलाई को 3 दिन सामूहिक अवकाश लिया गया।

अब चरणबद्ध आंदोलन

20-23 जुलाईः काली पट्टी बांधकर कार्य24-27 जुलाई*: शासकीय व्हाट्सएप समूहों का बहिष्कार28 जुलाई-2 अगस्तः ऑनलाइन कार्य वेबजीआईएस/सारा एप्प का बहिष्कार 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी। इस दौरान कार्यकारणी जिला अध्यक्ष अशोक बागरी के द्वारा तहसील भवन में तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया।पटवारी मनीष दहिया, महेंद्र थूल, अनिल सोनी, आनंद डेहरिया, लम्मू, सुधीर, आदेश, सुश्री जया, अजीत, कृष्ण, शशांक, नीरज आदि मौजूद रहे।

---

*सोनम वांगचुक के समर्थन में किया गया धरना प्रदर्शन*

# बड़वारा में निकली 'पाप के घड़े' की रैली, नायब तहसीलदार के सामने फोड़ा मटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



सोनम वांगचुक के समर्थन में बड़वारा में एक दिवसीय उपवास, धरना प्रदर्शन और विशाल रैली का आयोजन किया गया। आंदोलन के दौरान जागरूक युवाओं और ग्रामीणों का भारी आक्रोश देखने को मिला, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। सिर पर 'पाप का घड़ा' रखकर निकाली गई आक्रोश रैलीआंदोलन की शुरुआत एक अनोखे और तीखे विरोध प्रदर्शन के साथ हुई। जय सूर्यवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं और ग्रामीणों ने बड़वारा की सड़कों पर एक विशाल रैली निकाली।

रैली का मुख्य आकर्षण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नाम का 'पाप का घड़ा' रहा। कार्यकर्ता इस घड़े को सिर पर रखकर नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। रैली में शामिल छात्र और ग्रामीण "शिक्षा व्यवस्था में सुधार करो" और "छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो" के गगनभेदी नारे लगा रहे थे।

रैली के समापन पर प्रदर्शनकारी तहसील कार्यालय पहुंचे, जहाँ देश के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ पर तीखा हमला बोला गया। जय सूर्यवंशी ने कहा, "केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पाप का घड़ा अब पूरी तरह भर चुका है और युवा अब और शांत नहीं बैठेंगे।"

जय सूर्यवंशी ने नायाब तहसीलदार के ठीक सामने विरोध स्वरूप उस 'पाप के घड़े' को पटक कर फोड़ दिया। यह दृश्य देखकर वहाँ मौजूद हर कोई दंग रह गया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

### यह हैं प्रमुख मांगें

नीट परीक्षा मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच हो। दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए धर्मेंद्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें। भविष्य की सभी परीक्षाओं के लिए पारदर्शी और लीक-प्रूफ प्रणाली लागू हो।

इस एक दिवसीय उपवास, रैली और धरने में युवा हुए शामिल। आंदोलन में मुख्य रूप से जय सूर्यवंशी, अरविंद सिंह, नागेंद्र अहिरवार, राघवेंद्र, ओंकार, रोहित, पंकज, अंग्रेज, सतेन्द्र सहित ग्रामीण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने उपवास रखकर सोनम वांगचुक के आंदोलन के प्रति भी अपनी एकजुटता प्रकट की।

---

बरही क्षेत्र में क्रशर प्लांट पर कार्यवाही का मामला

# पहले किया सील, दो दिन बाद खोला, कार्यवाही पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही तहसील में कनौर-बिचपुरा में संचालित अवस्थी क्रेशर एवं महालक्ष्मी मिनरल्स के क्रशर प्लांट, जिन्हें मंगलवार को प्रशासन ने जंजीर लगाकर सील किया था। गुरुवार दोपहर पुनः खोल दिए गए। यह कार्यवाही खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित की मौजूदगी में पंचनामा तैयार करने के बाद की गई। मौके पर बरही के नायब तहसीलदार श्रीवास्तव, पुलिस बल तथा कुछ समय के लिए एसडीएम विवेक गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुरुवार की दोपहर एसडीएम विवेक गुप्ता, खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित और राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार की टीम विवादित स्थल पहुँचे, जहां मौके का पहले फोटो शूट के तत्काल बाद एसडीएम विवेक गुप्ता स्लीमनाबाद के लिए रवाना हो गए, जिसके बाद पंचनामा की खानापूर्ति और बाद में जंजीर में जकड़े क्रशर प्लांट की रिहाई की गई।

### अतिक्रमण हटाने कलेक्टर के निर्देश में रस्म अदायगी

जानकारी के अनुसार, कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने शासकीय भूमि एवं आम रास्ता खसरा क्रमांक 861 की लगभग 0.65 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण का हवाला देते हुए दोनों क्रशर प्लांटों को सील किया था।

प्रशासन ने महालक्ष्मी मिनरल्स के तीन एवं अवस्थी क्रशर के एक कन्वेयर को आम रास्ते से हटाने के निर्देश दिए थे। गुरुवार तक केवल कन्वेयर बेल्ट हटाई गई, जबकि विवादित भूमि से कथित अतिक्रमण यथावत बना रहा। इसके बावजूद खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने पंचनामा तैयार कर सील हटवाते हुए दोनों प्लांटों को पुनः संचालित करने की अनुमति दे दी। कार्यवाही के दौरान कलेक्टर के निर्देश की महज रस्म-अदायगी की गई।

इस कार्रवाई के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि शासकीय भूमि और आम रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाया गया था, तो आखिर किस आधार पर सील खोली गई? क्या कलेक्टर के निर्देशों का केवल औपचारिक पालन किया गया? पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यवाही की पारदर्शिता और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

# राजस्व वसूली के लिये डोर टू डोर पहुंच रहा ननि अमला, छूट की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी ने नगर के समस्त संपत्ति करदाताओं से अपील की है कि वे 31 जुलाई 2026 तक संपत्ति कर जमा कर शासन द्वारा प्रदान की जा रही 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का लाभ अवश्य प्राप्त करें। यह विशेष सुविधा अब केवल 10 दिनों के लिए शेष है। समय पर कर जमा कर नागरिक न केवल आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि नगर के विकास कार्यों में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं।

### विशेष अभियान से तेज की गई राजस्व वसूली

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के मार्गदर्शन एवं शासन के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली को गति देने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम मुख्य कार्यालय के साथ-साथ सभी जोन कार्यालयों में संपत्ति कर जमा करने की व्यवस्था की गई है, जिससे करदाता आसानी से अपने कर का भुगतान कर सकें।

### डोर-टू-डोर पहुंच रहा राजस्व अमला

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि कार्यालयों के अतिरिक्त वार्डवार गठित राजस्व वसूली दल घर-घर पहुंचकर नागरिकों को 5 प्रतिशत अग्रिम छूट की जानकारी दे रहे हैं तथा इच्छुक करदाताओं से मौके पर ही संपत्ति कर जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से नागरिकों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है और कर भुगतान की प्रक्रिया अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनी है।

### समय रहते छूट का लाभ उठाने नागरिकों से अपील

नगर निगम प्रशासन ने सभी संपत्ति करदाताओं से आग्रह किया है कि 31 जुलाई 2026 की अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय रहते संपत्ति कर जमा करें और शासन द्वारा प्रदान की जा रही 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। समय पर कर भुगतान से नगर निगम को विकास एवं जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में भी सहयोग मिलेगा।

खबर संक्षेप

## 'एक पेड़ मां के नाम' हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

दमोह। जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जारी आदेश के अनुसार, संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में अभियान के संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, संपूर्ण नगरीय क्षेत्र में अभियान के संचालन की जिम्मेदारी परियोजना अधिकारी, शहरी विकास कपिल खरे को सौंपी गई है।

## शासकीय माध्यमिक शाला हडा में शिक्षकों ने लगाए पौधे

पवई। शासकीय माध्यमिक शाला हडा में आज किया गया वृक्षारोपण में शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई से जन शिक्षक चंद्रिका पांडे जनशिक्षक एवं संस्था के प्रधानाध्यापक हरी लाल अहिरवार शिक्षक अमित कुमार जैन श्रीमती अंजना सिंह बागरी शहजाद मोहम्मद शिक्षकों एवं संस्था के छात्रों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में किया गया वृक्षारोपणशासकीय माध्यमिक शाला हडा में आज किया गया वृक्षारोपण में शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई से जन शिक्षक चंद्रिका पांडे जनशिक्षक एवं संस्था के प्रधानाध्यापक हरी लाल अहिरवार शिक्षक अमित कुमार जैन श्रीमती अंजना सिंह बागरी शहजाद मोहम्मद शिक्षकों एवं संस्था के छात्रों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण।

## 89 वर्ष की आयु में चंदा देवी बढौलिया का निधन

पवई। नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. जीवन बढौलिया की धर्मपत्नी चंदा देवी बढौलिया का मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तेंदूखेड़ा डबल लॉक गोदाम में खाद वितरण को लेकर विवाद, पल्लेदारी शुल्क पर से हुआ विवाद

# खाद वितरण में अव्यवस्थाः 5 रुपये के विवाद में घंटों रुका रहा वितरण

### एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद सुलझा खाद वितरण विवाद, किसानों ने मजबूरी में समझोता कर दिए 5 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित डबल लॉक खाद गोदाम में मंगलवार को खाद वितरण के दौरान पल्लेदारी शुल्क को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। निर्धारित दरों पर खाद की पर्चियां कटवाने के बावजूद किसानों को कई घंटों तक खाद उपलब्ध नहीं हो सकी। विवाद का मुख्य कारण प्रति बोरी 5 रुपये पल्लेदारी शुल्क रहा, जिसे देने से किसानों ने इनकार कर दिया। इसके चलते पल्लेदारों ने खाद उठाने का कार्य बंद कर दिया और गोदाम से खाद वितरण पूरी तरह प्रभावित हो गया। मौके पर मौजूद किसानों का कहना था कि उन्होंने डीएपी, यूरिया, टीएसपी सहित अन्य उर्वरकों की पर्चियां निर्धारित दरों पर कटवा ली थीं, लेकिन पल्लेदारों द्वारा अतिरिक्त 5 रुपये प्रति बोरी की मांग किए जाने से उन्हें खाद नहीं मिल रही थी। किसानों का कहना था कि जनसुनवाई में उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया था कि निर्धारित मूल्य के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं करना है। वहीं, गोदाम प्रभारी तूफान सिंह पटेल ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर ही किसानों को डीएपी 1350 रुपये, यूरिया 266.50 रुपये, टीएसपी 1300 रुपये, 10:26:26 उर्वरक 1990 रुपये तथा 12:32:16 उर्वरक 2450 रुपये प्रति बोरी की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। उनका कहना था कि प्रति बोरी 5 रुपये पल्लेदारी शुल्क पूरे जिले में अलग से किसानों द्वारा दिया जाता है। दूसरी ओर, पल्लेदार दुर्गा सहित अन्य मजदूरों ने बताया कि वे भी जनसुनवाई में अपनी समस्या रख चुके हैं। उनका कहना था कि उन्हें अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि पल्लेदारी का भुगतान डबल लॉक गोदाम अथवा संबंधित विभाग द्वारा किया जाना चाहिए। उनका तर्क था कि किसी भी दुकान या गोदाम में माल निकलवाने की जिम्मेदारी विक्रेता की होती है, न कि सामान खरीदने वाले ग्राहक की। पल्लेदार कल्याण यादव ने कहा कि गोदाम के अंदर दो पल्लेदारों को रखने का अधिकारी द्वारा बोला गया है सुबह 11 बजे से शाम 7 तक काम 10 से 15 पल्लेदारों का रहता है ऐसी स्थिति में हम 12 पल्लेदार क्या करेंगे इसलिए हम समस्त पल्लेदार डबल लॉक गोदाम में पल्लेदारी नहीं करेंगे इस दौरान किसान कमलेश यादव (बांसी), राजा सेन (पिडरई) तथा राजेंद्र सिंह (बांसी) सहित अन्य किसानों ने बताया कि वे लगभग तीन घंटे पहले पर्चियां कटवा चुके थे, लेकिन पल्लेदारों के विवाद के कारण उन्हें खाद नहीं मिल पा रही थी। किसानों की परेशानी बढ़ने पर एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी मौके पर भेजा जिन्होने स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) अभिषेक जैन से चर्चा की। इस दौरान स्पष्ट किया गया कि किसानों से अतिरिक्त 5 रुपये नहीं लिए जा सकते तथा गोदाम के भीतर से खाद निकालकर मुख्य गेट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी डबल लॉक गोदाम प्रबंधन की है। इसके बाद एसडीएम ने गोदाम प्रभारी को निर्देश दिए कि गोदाम के अंदर खाद उठाने के लिए दो पल्लेदार नियुक्त किए जाएं, जिनका भुगतान विभाग द्वारा किया जाएगा। हालांकि, इस व्यवस्था पर भी पल्लेदार काम करने के लिए तैयार नहीं हुए और उन्होंने कार्य करने से मना कर दिया। किसानों को घंटों इंतजार के बाद भी खाद नहीं मिलने पर अंततः मजबूरी में किसानों एवं पल्लेदारों के बीच सहमति बनी जिसमें पल्लेदार ऑन को किसानों के बीच लिए गए निर्णय में जो किसान 5 नहीं देना चाहता तो पल्लेदार निः:शुल्क सेवा करने तैयार है और जो किसान पलीदारी देना चाहेगा वह किसान 5 रुपये प्रति बोरी देने के लिए सहमत हो गया। इसके बाद ही खाद वितरण शुरू हो सका और किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराया गया। घटना के बाद किसानों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि यदि शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था है तो अतिरिक्त पल्लेदारी शुल्क की स्पष्ट व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसानों को इस प्रकार की परेशानी और आर्थिक बोझ का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है

तेंदूखेड़ा नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी ने बताया कि 5 रुपये का विवाद चल रहा था किसान और पल्लेदारों में इस संबंध मैं डीएमओ दमोह से बात की थी और मैने कहा था कि यदि 5 लेने का प्रावधान है तो लें और नहीं है तो की गोदाम के गेट तक पल्लेदार किसानो की बोरी निः शुल्क पहुंचा दें इसके बाद किसान जाने।

### आपसी सहमति बनी है

इस संबंध में गोदाम प्रभारी तूफान सिंह पटेल ने बताया किसान और पल्लेदारों के बीच आपसी सहमति बनी है जिसका पंचनामा तैयार किया गया है किसान 5 देने तैयार है और जो किसान 5 रु नहीं देना चाहता उसकी पल्लेदारी निशुल्क पल्लेदार करेगा ऐसा समझौता हो गया है।

# जिले में त्रृटिपूर्ण वनाधिकार पत्र बने मुसीबत

हिण्डोरिया। वन अधिकार कानून 2006-07 के अंतर्गत दमोह जिले में आदिवासियों को 90% से अधिक वन अधिकार पत्र त्रृटिपूर्ण बनाकर वितरित किए कर दिये गये हैं। जिसका खामिजयाना जिले के भर के वन पत्र धारक, तकनीकी जानकारी से अनभिज्ञ, सीधे- साधे, भोले-भाले, अनपढ़ आदिवासियों को आये दिन भुगतना पड़ रहा है। इस सम्बंध में म. प्र. एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि तत्कालीन भारत सरकार ने देश मे आदिवासियों एवं वन्य निवासियों के साथ सदियों से हुए ऐतिहासिक अन्याय की भरपाई करने एवं उन्हें उनका खोया हुआ सम्मान लौटाने की दृष्टि से वर्ष 2006-07 मे वन अधिकार कानून पारित कर उसे देश मे लागू किया था। इस कानून के अन्तर्गत आदिवासियों एवं वन्य निवासियों को वन भूमि पर आवास, कृषि एवं सामुदायिक निस्तार का अधिकार देने का प्रावधान है। आदिवासियों एवं वन्य निवासियों के वनभूमि के अधिकार के हितार्थ बने इस महान कानून के क्रियान्वयन मे जिला दमोह मे शुरू से ही शासन-प्रशासन,जन जातीय विभाग दमोह, वन विभाग दमोह आदि ने इसे लागू करने के स्तर पर जानबूझकर जबरदस्त लापरवाहियाँ बरतीं। जिसका नुकसान आज जिले भर के अधिकांश वन पत्र प्राप्त आदिवासियों को उठाना पड़ रहा है। श्री खान ने बताया कि जिला मे हितग्राहियों का वन अधिकार का दावा हर स्तर पर स्वीकृत होने के बाद वन विभाग की टीम द्वारा जिले में जो हितग्राही के कब्जे की वन भूमि का पीडीए सर्वे कराया गया। उस पीडीए सर्वे के दौरान वन विभाग की टीम के द्वारा जबरदस्त लापरवाही बढ़ती गई। कहीं एक ही जगह पर खड़े होकर पूरे गाँव के काबिज किसानों का पीडीए सर्वे कर दिया गया। या कहीं काबिज कृषक के पूरे कब्जे का पीडीए सर्वे मशीन घुमा कर नही किया गया। इस कारण से वन पत्र मे कब्जा अनुसार सही रकबा दर्ज नही हो पाया । और ना ही सही वीट का नाम वन पत्र मे दर्ज हुआ। आज इसी त्रृटिपूर्ण वन पत्र को आधार बना कर वन विभाग आदिवासियों को शेष भूमि से बेदखल कर रहा है। मढ़ियादो के क्षेत्र के कारीबरा, जुनैरी, भूलखेड़ा, घोघरा, मजरा, कलकुआ, चौरईया, पाटन, झरयार, उदयपुरा, बछामा, सियारसिंगी, मदनपुरा, अमझिर, गर्रवा, कुम्हारी क्षेत्र के हिनौती, ढौंड़ा, रजपुरा क्षेत्र के सूरजपुरा, नारायणपुरा , मनकपुरा, दमोह बलाक के मुहली, पण्डा, खैरीडगा, बलारपुर, नोनपानी, तेन्दखेड़ा ब्लाक के सेहरी, फूलर, ससना कला सहित जिले भर के ऐसे अनेक गाँव है जहाँ के सभी आदिवासियों को जानबूझकर शासन-प्रशासन व्दारा गलत कार्यवाही कर त्रृटिपूर्ण वन पत्र बना कर बांटे गये। त्रृटि पूर्ण वन पत्र होने की वजह से आदिवासियों को कृषि विकास की शासन की अनेक योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है । इस सम्बन्ध में आदिवासियों के द्वारा शुरू से ही त्रृटि पूर्ण वन पत्रों मे सुधार करने शासन प्रशासन से मांग की गई। यहाँ तक की वन पत्र वापिसी का अभियान तक चलाया गया। लेकिन आज तक दमोह जिले में एक भी त्रृटिपूर्ण पूर्ण वन पत्र मे सुधार नही किया गया। परिणाम स्वरूप दमोह जिले में लगातार त्रृटिपूर्ण पूर्ण वन पत्रों के चलते वन विभाग के साथ आदिवासियों का टकराव एवं संघर्ष जारी है। जनसंगठन एकता परिषद ने कलेक्टह दमोह, जनजातीय विभाग एवं सभी सम्बंधितों से पूरे दमोह जिले में अभियान चला कर सभी त्रृटि पूर्ण वन अधिकार पत्रों में सुधार कराने की मांग की है। साथ ही औचित्यहीन बने त्रृटिपूर्ण वन पत्र की वापिसी का आन्दोलन करने की चेतावनी भी दी है।

# तहसीलदार एवं बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

हटा । नगर के अशासकीय विद्यालयों में किताबों एवं ड्रेसें विद्यालय से ही विक्रय करने की मनमानी की चर्चाएं सुनी जा रही थी जिसकी शिकायतों को लेकर एसडीएम राकेश मरकाम के निर्देशानुसार मंगलवार को तहसीलदार उमेश तिवारी विकासखंड प्रभारी शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे बीएसी सुनील पाठक एवं सीएसी द्वारा स्टेट बैंक के सामने संचालित सांई बैली स्कूल में पहुंचकर सूक्ष्मता के साथ जांच पड़ताल की गई जहां निर्धारित मापदंडों के अनुसार जांच टीम को कई खामियां मिली। निरीक्षण के दौरा तहसीलदार उमेश तिवारी द्वारा बताया गया कि सांई बैली पब्लिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान विद्यालय संचालक द्वारा विद्यालय से ही पुस्तकें निजी प्रकाशन की बिक्री एवं गणवेश की बिक्री किया जाना पाया गया वहीं बच्चों के बैग का वजन कराया गया जहां निर्धारित मापदंड से अधिक पाया गया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की कमियां पाई गई जिसमें फीस लेनें की समिति की अनुमति न होना पाया गया एवं निर्धारित नियम निर्देषों के अनुसार स्कूल में कार्यरत शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी सामने आई है जिसकी रिपोर्ट बनाकर एसडीएम के समक्ष अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रस्तुत की जाएगी।



शंका होने पर व्यापारी ने लगवाया एंटी रेबीज टीका

# रेबीज से हुई मौत के बाद तेंदूखेड़ा में दहशत

**तेंदूखेड़ा। नगर में हाल ही में रेबीज से बिंद्रावन विश्वकर्मा की मृत्यु के बाद आवारा कुत्तों और बंदरों को लेकर लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। छोटी-सी घटना भी लोगों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। इसी क्रम में नगर के व्यापारी रत्नेश जैन ने शंका होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी रेबीज टीका लगवाया।**



जानकारी के अनुसार, सोमवार को रत्नेश जैन विद्यानगर क्षेत्र में किसी कार्य से गए थे। वापस लौटते समय एक आवारा कुत्ता उनके पास आया और उसने उनके पैर पर अपना पंजा रख दिया। घटना के बाद श्री जैन के मन में यह आशंका बनी रही कि कहीं कुत्ते के पंजे के नाखून त्वचा से स्पर्श या खरोंच तो नहीं कर गए। हाल ही में रेबीज से हुई मौत को ध्यान में रखते हुए उन्होंने किसी भी प्रकार का जोखिम न लेने का निर्णय लिया। मंगलवार को श्री जैन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सकीय परामर्श के बाद उन्होंने एंटी रेबीज टीका लगवाया। उनका कहना है कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर परिणाम ला सकती है। नगर में एक व्यक्ति की रेबीज से मृत्यु हो चुकी है, इसलिए किसी भी शंका की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेना ही उचित है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ते, बंदर या अन्य संदिग्ध पशु के काटने, खरोंचने या उनके संपर्क से संक्रमण की आशंका हो, तो बिना देरी किए सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए। समय पर लगाया गया एंटी रेबीज टीका संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

**नगरवासियों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों और बंदरों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए प्रभावी अभियान चलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।**

राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन....

# किसानों की समस्याओं को लेकर जबेरा में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

दमोह। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं किसान कांग्रेस कमेटी जबेरा के तत्वावधान में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जबेरा में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने खाद, बीज, बिजली बिल सहित अन्य मुद्दों को उठाते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी रमाकांत यादव एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह रहे। वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कृषि से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग से जुलूस निकालकर सरकार के विरोध में नारेबाजी की।प्रदर्शन के उपरांत मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार जबेरा को सौंपा गया, जिसमें किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।कार्यक्रम के समापन पर हीरा सिंह लोधी को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस कमेटी में सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत कर बधाई दी।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुगपाल सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष नितेश यादव, तेजगढ़ उप ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।




# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय में हुआ पौधारोपण



तेजगढ़। एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों से अपील की कि प्रत्येक छात्र अपने घर या किसी सुरक्षित स्थान पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, ताकि वह भविष्य में एक विशाल वृक्ष बन सके। उन्होंने कहा कि शुद्ध प्राणवायु और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना तथा उनकी कटाई रोकना आवश्यक है।कार्यक्रम में कल्पना लोधी, मनोज रैकवार, पुष्पेंद्र अहिरवार, मालती ठाकुर, सुशीला ठाकुर, दसोदा बाई, राधारानी, ममता रैकवार, रुपाली जैन सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

दमोह। टाइम्स कॉलेज, दमोह की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया और समाज को नशे जैसी बुराई से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति शपथ के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में ₹नशा नाश की जड़ है₹ का संदेश देते हुए मानव श्रृंखला बनाई और लोगों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# तेंदूखेड़ा में देर से हुई बुवाई के बाद खेतों में लहलहाई हरियाली



तेंदूखेड़ा। इस वर्ष मानसून के विलंब से आगमन के कारण क्षेत्र के किसानों को बुवाई भी देर से करनी पड़ी। प्रारंभिक दिनों में वर्षा की अनिश्चितता से किसान चिंतित थे, लेकिन समय पर पर्याप्त बारिश होने से फसलों ने अब अच्छी बढ़वार पकड़ ली है। खेतों में चारों ओर हरियाली छा गई है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। क्षेत्र में , धान, मक्का एवं अन्य खरीफ फसलें तेजी से विकसित हो रही हैं। खेतों की मनमोहक हरियाली ग्रामीण अंचल की सुंदरता को और बढ़ा रही है। किसानों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में मौसम अनुकूल रहा और वर्षा का क्रम इसी प्रकार बना रहा, तो इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद है। वर्तमान में तेंदूखेड़ा क्षेत्र की संपूर्ण धरा हरियाली की चादर से ढकी हुई दिखाई दे रही है। खेतों में लहलहाती फसलें किसानों के परिश्रम और प्रकृति की मेहरबानी का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। इससे क्षेत्र में बेहतर कृषि उत्पादन और समृद्धि की नई उम्मीदें जागृत हुई हैं।

# श्री दुर्गा चालीसा पाठ जयकारों के साथ सम्पन्न



दमोह। धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष श्री शक्तिपुत्र सदगुरु देव भगवान की कृपा से दमोह जिले के खामखेड़ा में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न हुआ समापन की बेला में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय प्रवक्ता भैया बाबूलाल विश्वकर्मा ने कहा कि चाहे 24 घंटे का अनुष्ठान 5 घंटे का पाठ हो या 1 घंटे की दिव्यता की आरती हो इन्हीं अनुष्ठानों के माध्यम से समाज में परिवर्तन किया जा रहा है। समाज को नशे मांस से मुक्त चरित्रवान बनाया जा रहा है जाति धर्म संप्रदाय से मुक्त समाज का निर्माण किया जा रहा है यही परम पूज्य श्री शक्तिपुत्र भगवान की कृपा है भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह जी ने कहा कि आगामी नवरात्रि अष्टमी नवमी विजयदशमी एवं 19, 20, 21 अक्टूबर को पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम में तीन दिवसीय शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन हो रहा है जिसमें धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष श्री शक्तिपुत्र सद्गुरु देव भगवान के मुखारविंद से अमृत तुल्य प्रवचनों का लाभ लेने के लिए शिविर में अवश्य पहुंचे जिससे अपने आप में परिवर्तन करते हुए समाज में परिवर्तन किया जा सके अंत में सभी मां भक्तों ने प्रणाम कर शक्ति जल व प्रसाद प्राप्त किया।

# अव्यवस्थाओं के बीच मंडी प्रांगण में 20 दिन बाद मूंग खरीदी प्रारंभ



हटा। प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द के लिए विगत 1 जुलाई से खरीदी प्रारंभ करनें के आदेश जारी किए गये थे लेकिन हटा में अव्यवस्थाओं के चलते खरीदी केन्द्र संचालित नहीं किया गया था जहां विगत सोमवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी प्रांगण में सनकुईया सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों की मूंग फसल की खरीदी प्रारंभ की गई। गौरतलब है कि विगत 1 जुलाई से 10 अगस्त तक खरीदी किया जाना शासन द्वारा तय किया गया है लेकिन आधा समय बीत जानें के बाद हटा में समर्थन मूल्य की खरीदी प्रारंभ की गई है जहां कृषि उपज मंडी में किसान अपनी फसल बेचनें 1953 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है अब ऐसे में आधा समय बीत जानें के बाद इन किसानों की फसल खरीदी कैसे की जावेगी यह आनें वाला समय तय करेगा। क्योंकि सिर्फ खरीदी के लिए 20 दिन ही शेष बचे है और अभी 21 जुलाई तक एक भी किसान की फसल की तुलाई नहीं की गई।जबकि प्रथम दिवस 40 किसानों द्वारा अपने स्लाट बुक किए गये।

### अव्यवस्थाओं के बीच हो रही खरीदी-

खरीदी केन्द्र पर समिति प्रंबधक दिनेश दुबे ने बताया कि मूंग खरीदी हेतु विभाग द्वारा गोदाम आवंटित नहीं की गई जिससे खरीदी वाली फसल को बारिश के मौसम में मंडी शेड के नीचे सुरक्षित रखा जावेगा वहीं खरीदी समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि फसल की तुलाई करनें वाली मशीन ग्रेडिंग करनें वाली मशीन एवं ऑफिस में किसानों की फसल फीडिंग किए जानें हुतु बिजली की आवश्यकता होती है लेकिन बिजली व्यवस्था न होने के चलते पहले ही दिन खरीदी का काम प्रभावित हो रहा ऐसे में खरीदी कैसे की जावेगी।

# नगर परिषद में चार एल्डरमैन मनोनीत

तेंदूखेड़ा। नगर परिषद तेंदूखेड़ा में शासन द्वारा चार एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) नियुक्त किए गए हैं। जारी सूची के अनुसार श्रीमती सीमा केवट (वार्ड क्रमांक 3), श्रीमती रशिम साहू (वार्ड क्रमांक 12), मुन्नालाल विश्वकर्मा (वार्ड क्रमांक 10) तथा पूर्व पार्षद श्याम सुंदर जैन (वार्ड क्रमांक 2) को एल्डरमैन मनोनीत किया गया है। हालांकि सूची जारी होने के बाद सबसे अधिक चर्चा पूर्व पार्षद स्वर्गीय श्याम सुंदर जैन के नाम को लेकर हो रही है। स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठाया जा रहा है कि उनका निधन लगभग छह माह पूर्व हो चुका है, इसके बावजूद उनका नाम सूची में कैसे शामिल हो गया। नगर में यह भी चर्चा है कि संभवतः यह पुरानी सूची है, जिसे अब जारी किया गया है। स्वर्गीय श्याम सुंदर जैन का नाम सूची में शामिल होने के कारण नगर में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। अब सभी की निगाहें शासन और संबंधित विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया पर टिकी हैं, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके। इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र जैन ने बताया कि उनके अनुसार यह पुरानी सूची प्रतीत होती है, जिसे अब जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विषय में अधिकृत जानकारी क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में रुकी पेंशन, पेंशनर्स ने जताई नाराजगी

**पथरिया।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को पिछले चार माह से पेंशन नहीं मिलने से उनमें नाराजगी बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि पेंशन जारी करने के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डिजिटल जीवित प्रमाणन) अनिवार्य किए जाने के कारण अनेक हितग्राहियों की पेंशन अटक गई है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सामाजिक सुरक्षा पेंशन संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप भाई ने वारेलाल राठौर, मुन्ना राय और लक्ष्मी जैन के साथ कहा कि प्रदेशभर में बड़ी संख्या में वृद्धजन पेंशन के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार शीघ्र डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी कर पात्र हितग्राहियों की लंबित पेंशन जारी करे।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दस दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी कर पेंशन का भुगतान शुरू नहीं किया गया तो आजाद पेंशन हितग्राही संघ आंदोलन और हड़ताल करने को बाध्य होगा।

### आज से श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** स्थानीय अथाई आमचौपरा मार्ग पर स्थित श्री देवरास बिहारी राधा कृष्ण मंदिर में आज 22 जुलाई से 28 जुलाई तक दिव्य भव्य गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज होंगे 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी वहीं नंदीश्वर महादेव नंदी वन मंदिर परिसर में 30 जुलाई से शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक होगा 4 अगस्त से 11 दिवसीय श्रीशिव महापुराण का आयोजन होगा कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज रहेंगे 15 अगस्त को दिव्य भव्य भंडारा प्रसाद होगा समस्त कार्यक्रम में उपस्थित का आग्रह किया है।

### मरीजों के लिये 20 बेड सीट और 74 प्रकार की दवाईयां भेजी

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के पलंग पर बेड सीट नहीं मिलने एवं मेडिसन में कमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में मरीजों के लिये 20 बेड सीट और 74 प्रकार की दवाईयां भेज दी गई है।

### प्रधानअध्यापक को शोकॉज नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव भ्रमण के दौरान वमनपुरा पहुँचे थे यहाँ एमडीएम में लापरवाही सामने आने पर प्रधानअध्यापक को वेतन वृद्धि रोकने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, ज्ञात हो कि यहाँ कार्यरत समूहो जो कि एमडीएम दे रहे थे, उन्हे सीईओ जिला पंचायत द्वारा पूर्व में हटा दिया गया है।

### प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ आरोप पत्र जारी

**दमोह।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा का कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा गत दिवस आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं एवं कर्मियां प्रदर्शित होने तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.आर.बागरी को कारण बताओ आरोप पत्र जारी किया गया है। जारी आरोप पत्र में 03 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है, स्पष्टीकरण समय सीमा व संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

नगर परिषद के 3 वार्डों की 2 हजार आबादी खुले में अंतिम संस्कार को मजबूर, वार्ड 14 की जमीन पर अतिक्रमण

# मुक्तिधाम नहीं, बारिश में छाते लगाकर 5 घंटे जलाया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर परिषद अंतर्गत आने वाले ग्राम चौरई के रहवासियों के लिए मुक्तिधाम न होना अब जानलेवा साबित हो रहा है। नगर परिषद के 15 वार्डों में से 12 वार्ड नगर में हैं, जहां वार्ड क्रमांक 5 और 9 में मुक्तिधाम बने हुए हैं। लेकिन चौरई के 3 वार्डों की लगभग 2 हजार की आबादी के लिए आज तक कोई शांतिधाम नहीं बन सका। इसी वजह से लोगों को खुले मैदान में अंतिम संस्कार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। सोमवार को तेज बारिश के बीच घटी एक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। चौरई निवासी अति गरीब रामेश्वर बेन उम्र 45 वर्ष की जबलपुर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शव गांव लाकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया तो उस समय मूसलाधार बारिश हो रही थी।



मुक्तिधाम न होने के कारण परिजनों ने खुले मैदान में ही चिता सजाई। बारिश के कारण बार-बार चिता की आग बुझ रही थी। ऐसे में 6 से 7 परिजनों ने लगभग 4 से 5 घंटे तक बरसाती छातों के सहारे आग को बचाए रखा। करीब 10 से 12 लोग अंतिम संस्कार मैं मौजूद थे। तब कहीं जाकर लगभग 10 घंटे में शव पूरी तरह जल सका।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों की रूह कांप गई। वार्ड वासियों ने कई बार की मांग, नहीं हुई सुनवाई चौरई निवासी नवल सेन ने बताया कि मृतक रामेश्वर बेन बेहद गरीब था। चौरई के तीनों वार्डों में मुक्तिधाम न होने की समस्या कई सालों से है। इस संबंध में ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे और मंत्री को भी अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बरसात में 5 घंटे तक छातों के सहारे बैन परिवार को शव जलाना पड़ा। यह प्रशासन की घोर लापरवाही है। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 14 में शांतिधाम के लिए जमीन आरक्षित है, लेकिन उस जगह पर अतिक्रमण है।

#### इनका कहना है

इस मामले में नगर परिषद की उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वार्ड क्रमांक 14 में मुक्तिधाम के लिए आरक्षित भूमि का सीमांकन नवंबर 2025 में नगर परिषद और पटवारी की मौजूदगी में हो चुका है। मुक्तिधाम निर्माण के लिए जुलाई माह में टेंडर भी निकाला जा चुका है। जिसमें बाउंड्रीवॉल, गेट ,चबूतरा, टीनसेट ,फेंसिंग एस्टीमेट में शामिल है जो अतिक्रमण है उसे हटाया जाएगा और फिर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने बताया कि सोमवार को मीडिया के माध्यम से मुझे इस घटना की जानकारी मिली। यह बेहद दुखद और शर्मनाक है। मैंने तुरंत सीएमओ से बात की। उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 15 से 20 दिनों के भीतर शांतिधाम का निर्माण शुरू हो जाएगा। एसडीएम ने कहा कि जगह की कोई कमी नहीं है। भूमि पहले से आरक्षित है, केवल कुछ लोगों ने उस पर अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण हटाने के लिए आरआई और पटवारी की टीम गठित कर दी गई है। टीम जल्द ही जाकर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराएगी।

# आठ घंटे बंद रहा सिंग्रामपुर-भैंसाघाट मार्ग, 14 चक्का ट्रक फंसने से आवागमन प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर-भैंसाघाट होकर तेंदूखेड़ा को जोड़ने वाला मार्ग सोमवार देर रात से मंगलवार शाम तक करीब 18 घंटे तक अवरुद्ध रहा। भैंसाघाट पहाड़ी पर एक 14 चक्का ट्रक फंस जाने से मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक शॉर्टकट के चक्कर में भैंसाघाट पहाड़ी मार्ग पर पहुंच गया। आगे चढ़ाई और संकरे रास्ते में ट्रक फंस गया, जिसके कारण बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।
पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए दोपहिया वाहनों की आवाजाही सावधानीपूर्वक शुरू कराई, जबकि भारी वाहनों को रोक दिया गया। मंगलवार शाम तक क्रेन की सहायता से ट्रक को निकालने के प्रयास जारी रहे। मौके पर प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र वाडेकर, सैनिक शिव कुमार, डायल-112 के पायलट नीलेश पटेल तथा सेंचुरी बीट प्रभारी विनोद कुमार सहित वन विभाग की टीम भी मौजूद रही और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में जुटी रही।
स्थानीय लोगों का कहना है कि भैंसाघाट पहाड़ी मार्ग भारी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसे में मार्ग पर स्पष्ट चेतावनी और प्रतिबंधात्मक संकेतक लगाए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# त्रेता द्वापर कलयुग का संगम, कलयुग के भगबान जगन्नाथ स्वामी पहुंचे बंदाबहू मंदिर



**दमोह।** श्री जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग जी ने बताया कि मयंक सोनी राधा रमण मंदिर के पास के निवास से भगवान जगन्नाथ स्वामी जी आज बूँदाबहु मंदिर घंटाघर त्रेता में भगवान श्री रामचंद्र जी द्वापर में श्री कृष्ण एवं कलयुग में भगवान जगन्नाथ स्वामी बूँदाबहु मंदिर घंटाघर पहुंचे जहां पुजारी पुरुषोत्तम लाल शर्मा नगर पुरोहित बड़े पुराणी जी द्वारा जगन्नाथ स्वामी जी का स्वागत पूजन अर्चन किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान हर वर्ष जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच नगर भ्रमण पर निकलते हैं. भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहिन सुभद्रा की रथ यात्रा.पुराना थाना में अपनी मोसी के घर से विभिन्न स्थानों पर जगन्नाथ स्वामी पहुंचे जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं. कल काली मंदिर आशीर्वाद गार्डन में स्वामी जी पहुंचेंगे कल शाम को शिवनगर स्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी के निवास पर पहुंचेंगे जगन्नाथ स्वामी जी।

# हटा रनेह मार्ग पर जानलेवा गड्ढों का नहीं हो रहा सुधार

## कीचड़ दलदल के बीच से निकल रहे लोगों को सता रहा डर- जिम्मेदार विभाग बना अंजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के नवोदय वार्ड ककराई के आगे जाने वाला हटा रनेह मार्ग पर करीब सौ मीटर सड़क विहीन होने के कारण उस मार्ग पर दो बड़े-बड़े गहरे गड्ढें होने के चलते इस मार्ग से लोगो का निकलना मुश्किल हो रहा है वहीं बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी के भराव के चलते राहगीरों को भी पैदल निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देखा जाए तो इस मार्ग के शुरूआत में ही सड़क का अभाव बना हुआ है जिसमें जानकारी यह भी सामने आ रही है कि यह निजी भूमि है।लेकिन एक ओर देखा जाए तो यह सड़क मार्ग आम रास्ता सामने आ रही है सड़क विहीन इस मार्ग पर रास्ते में बने दो गहरे गड्ढे जहां हादसों को न्यौता दे रह है वही इस दलदल कीचड़ भरे रास्ते से वाहन चालक और रोजाना गांव से आने वाले लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अभी तक कोई इस दलदल का भराव करनें कोई इंतजाम नहीं किए गये।



#### कभी भी गड्ढों से हो सकता बड़ा हादसा-

वहीं बड़ी ककराई के आगे हटा-रनेह मार्ग पर दिन-रात आवागमन की धमाचौकड़ी थमने का नाम नहीं लेती हो यदि वह मार्ग ही क्षतिग्रस्त होने के बाद उसमें सुधार कार्य नहीं कराया जा सके तो इस प्रकार की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा घटित होने से कोई नहीं रोक सकता लेकिन अभी तक प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं पंहुचा। देखा जाए तो इस सड़क मार्ग पर बीते दो दिनों से हो रही बारिश के बाद बड़े-बड़े गढ्ढे दिखाई दे रहे है एवं उसी गड्ढे वाली सड़क से दिन रात दो पहिया चार पहिया वाहनों से लेकर बडे. वाहनों का आवागमन दिन-रात इस मार्ग पर चलता रहता है लेकिन इस गड्ढों वाली सड़क में वाहन चालक हादसों के शिकार भी हो रहे हैं और लोगों को निकलने में भी अब डर सताने लगा है जिससे फिर कोई बडी दुर्घटना की आशंका को रोक पाना असंभव दिखता नजर आ रहा है। वहीं इसी मार्ग से होते हुए नगर के लोग गैस एजेंसी सिलेन्डर लेनें के लिए पंहुचते है और लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग रोजाना अपने दो पहिया वाहनों से इस दलदल वाले रास्ते के बीच से निकलते हुए अपने वाहन से संतुलन खो बैठते है और हादसों के शिकार हो जाते है वहीं गांव से अपनें बच्चों को छोड़नें आ रहे अभिभावक भी इस दलदल के चलते बच्चो को वाहन से उतारकर पैदल निकल जाते है लेकिन पैदल चलनें के लिए भी इस स्थान पर कोई रास्ता नहीं है जिससे सौ मीटर के इस दलदल को पार करनें के लिए लोगो को खतरा मंडरा रहा है।

# मॉडल स्कूल में मनाया योग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार संदीपनी शासकीय मॉडल स्कूल पटेरा में 15 से 29 जुलाई तक आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत छठवें दिन योग अभ्यास कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरिभूमि चीफ नरेंद्र बजाज, कन्या हाईस्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र कटहरे, बिलखुर्द हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य सुखनंदन पटेल, प्राचार्य विवेक नेमा एवं कमलेश शर्मा ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। छात्रा जयश्री शुक्ला ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम में शिक्षक कमलेश शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि नरेंद्र बजाज ने विद्यार्थियों



को छात्र जीवन में योग अपनाने के लाभ बताए। सुरेंद्र कटहरे, विवेक नेमा एवं निरान सिंह ने भी योग को स्वस्थ और अनुशासित जीवन का आधार बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए।शिक्षिका शिल्पी विश्वकर्मा एवं रागनी सिंह लोधी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में सुदीप शुक्ला, सतवंत मरावी, घप्पू अहिरवार, दीपेश सोनी, शैलेन्द्र अहिरवार, मीनाक्षी दुबे, नीता असाटी, आरती पटेल, रितेश पटेल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र दीपांशु सेन एवं छात्रा चंदा ने किया।

### अतिक्रमण हटाकर आवेदक को दिलाया गया भूमि का कब्जा

**दमोह।** तहसीलदार पारुल चौधरी द्वारा पारित राजस्व प्रकरण के अनुपालन में गठित राजस्व दल द्वारा ग्राम बिजौरी में गठित दल पुलिस बल की उपस्थिति में संबंधित भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई का नेतृत्व राजस्व निरीक्षक गणेश सिंह ने किया। कार्रवाई में हल्का पटवारी नीरजा मिश्रा, पटवारी शुभम बरदिया, अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्रवाई राजस्व प्रावधानों के अनुरूप एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में संबंधित भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराकर आवेदक कल्लू पिता लच्छू रजक को नियमानुसार भूमि का कब्जा सौंपा गया। राजस्व प्रशासन द्वारा बताया गया कि शासकीय भूमि एवं निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी तथा शासन के आदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# लगातार तीन माह से ए-ग्रेड में दमोह

### राजस्व विभाग ने पहली बार हासिल की बड़ी उपलब्धि

**दमोह।** जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार और अधिकारियों-कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा लगातार समीक्षा, अनुशासन और समयबद्ध कार्य संस्कृति के कारण जिला पिछले तीन माह से लगातार ए-ग्रेड में अपनी जगह बनाए हुए है। विशेष उपलब्धि यह रही कि राजस्व विभाग पहली बार ए-ग्रेड में शामिल हुआ। कलेक्टर श्री यादव ने कहा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग से कार्यालयों में समय पर उपस्थिति और कार्यों के समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित किया गया। अनुशासन और जवाबदेही की इसी व्यवस्था का परिणाम है कि जिले के प्रदर्शन में लगातार सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा पहले जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते थे, जिनमें कई मामलों का निराकरण नहीं हो पाता था और आवेदन लंबित या निरस्त हो जाते थे। प्रशासन ने लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन को समय पर राहत और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। नियमित मॉनिटरिंग, जवाबदेही और समन्वित कार्यप्रणाली के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं जनहित के कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### जनसुनवाई में 319 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आयोजित जनसुनवाई में 319 आवेदनों पर सुनवाई की, उन्होने बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास, दमोह के विद्यार्थियों ने छात्रावास भवन के भूतल में जलभराव और सीलन की समस्या बताते हुए भवन परिवर्तन की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से छात्रावास भवन बदलने की अनुमति प्रदान कर दी। दिव्यांगजनों से जुड़े मामलों में भी त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें दिव्यांग शिविर में भेजकर चिकित्सकीय परीक्षण कराने तथा आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। जनसुनवाई में 70 से 75 वर्ष आयु की दो वृद्ध महिलाएं भी अपनी समस्या लेकर पहुंचीं। उन्होंने शिकायत की कि उनके बेटे उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं, घर से निकाल दिया है तथा संपत्ति अपने नाम कराने का दबाव बना रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल प्रकरण एसडीएम के पास भेजकर दर्ज कराया। भरण-पोषण अधिनियम के तहत संबंधित बेटो को नोटिस जारी कर वृद्ध महिलाओं को न्याय दिलाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

# कीटनाशी विक्रेताओं पर बड़ी कार्रवाई, 12 दुकानों के लाइसेंस निरस्त, 21 को नोटिस

**दमोह।** किसानों के हितों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिलेभर में कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर 46 कीटनाशी विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आईं। गंभीर अनियमितता पाए जाने पर 12 दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए, जबकि 21 दुकान संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में प्रिंसिपल सर्टिफिकेट, आवश्यक सुरक्षा उपकरण, कीटनाशकों के सुरक्षित भंडारण एवं सावधानियों से संबंधित व्यवस्थाएं नहीं मिलीं। इसके अलावा स्टॉक रजिस्टर भी अद्यतन नहीं पाए गए। शासन के निर्धारित नियमों और मानकों का पालन नहीं किए जाने के कारण संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कई बार यह संज्ञान में आता है कि किसान अधिकृत विक्रेताओं के बजाय अनधिकृत व्यक्तियों से कीटनाशक खरीद लेते हैं। इससे गलत मात्रा या अनुचित दवा का उपयोग होने का खतरा बढ़ जाता है, जिसके कारण फसल के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा बुवाई के बाद किसानों को कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशकों का उपयोग करना पड़ता है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है किसानों को अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से ही गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक उचित मूल्य पर उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य से जिले में लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय डाक का राष्ट्रव्यापी आंदोलन: काली पट्टी बांधकर किया विरोध



**दमोह।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ द्वारा डाक विभाग की अस्मिता की रक्षा और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए एक व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश परिमंडल के सभी डाक संभागों और रेल डाक सेवा कार्यालयों में भी इस आंदोलन को पूर्ण शक्ति के साथ लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसी के चलते आज मंलगवार को डाक विभाग के समस्त कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। विभाग को बर्वादी से बचाने, विदेशी कंपनी मैकेन्जी के इशोर पर किए जा रहे निजीकरण के प्रयासों का पुरजोर विरोध करने तथा टारगेट के नाम पर कर्मचारियों पर बनाए जा रहे अनुचित मानसिक दबाव के खिलाफ महासंघ पूरी तरह लामबंद हो चुका है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थिति यह हो चुकी है कि ग्रामीण डाक सेवकों जीडीएस और विभागीय कर्मचारियों को अपने वेतन के पैसे से खाते खुलवाकर टारगेट पूरे करने पड़ रहे है, जो कि पूरी तरह से कर्मचारियों का आर्थिक और मानसिक शोषण है। महासंघ के केन्द्रीय नेतृत्व में आह्वान पर मध्यप्रदेश परिमंडल मे इस राष्ट्रव्यापी संघर्ष को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसकी रूपरेखा निम्ननुसार निर्धारित की गई है। इस विरोध प्रदर्शन अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, सचिव संजीव तिवारी, कोषाध्यक्ष अमित नामदेव सहित बडी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### पतलौनी में 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**तेजगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पतलौनी में 20 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पतलौनी निवासी अमित लोधी (20), पिता तख़्त सिंह लोधी ने घर के कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तेजगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक उमेश कुर्मी एवं आरक्षक राजन राजपूत ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।